भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2513

दिनांक 03.12.2019/ 12 अग्रहायण, 1941 (शक) को उत्तर के लिए

सीआरपीएफ महिला बटालियन

†2513. श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः
श्री विनायक भाऊराव राऊतः
डॉ॰ हिना विजयकुमार गावीतः
श्री ए.के.पी॰ चिनराजः
श्री हेमन्त पाटिलः
श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़ः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के विभिन्न हिस्सों में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की महिला बटालियनों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार और अधिक महिला बटालियन बनाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) अपनी स्थापना के बाद से अब तक सीआरपीएफ महिला बटालियन द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) इस उद्देश्य के लिए आवंटित निधियों की मात्रा के सहित सीआरपीएफ महिला बटालियन के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की संख्या कितनी है;

(ङ) क्या सीआरपीएफ के पास सीआरपीएफ महिला बटालियनों में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए देशभर में भर्ती अभियान चलाने का कोई प्रस्ताव है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस तरह के भर्ती अभियान के कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; और

(छ) क्या सरकार ने सीआरपीएफ में अधिक से अधिक महिलाओं की भर्ती के लिए पहल की है और यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

लो.स.अ.ता.प्र.सं.2513

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क): केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 6 (छः) महिला बटालियनें हैं। राज्य सरकार (सरकारों) के अनुरोध पर कानून और व्यवस्था बनाए रखने में उनकी सहायता करने के लिए महिला बटालियनें उपलब्ध करायी जाती हैं/तैनात की जाती हैं। किसी राज्य में सीआरपीएफ की महिला बटालियन की तैनाती का स्तर गतिशील है और सुरक्षा की स्थिति के आधार पर इसमें बदलाव होता रहता है।

(ख): वर्तमान में सीआरपीएफ की और अधिक महिला बटालियनें गठित करने का कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग): सीआरपीएफ की महिला टुकड़ियां देश तथा विदेश के विभिन्न भागों में आंतरिक सुरक्षा संबंधी ड्यूटियों का निर्वहन सफलतापूर्वक कर रही हैं। सीआरपीएफ की टुकड़ियों की 05 महिला कार्मिकों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए निम्नलिखित वीरता पदकों से सम्मानित किया गया है :-

पदक का प्रकार	संख्या
अशोक चक्र	01
सेना पदक	01
वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक	01
वीरता के लिए पुलिस पदक	02

(घ): सीआरपीएफ में केवल महिला कार्मिकों के लाभ के लिए एक स्कीम अर्थात क्रेच-सुविधा चल रही है। “क्रेच” संबंधी सुविधाएं सीआरपीएफ के 49 स्थायी स्थानों (स्टेटिक लोकेशन) पर उपलब्ध हैं और इस उद्देश्य के लिए, चालू वित्त वर्ष में सीआरपीएफ को 55 लाख रुपये की निधियां आबंटित की गई हैं।

(ङ) से (छ): बलों में महिला कार्मिकों सहित कार्मिकों की भर्ती एक सतत प्रक्रिया है। सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से 1594 कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी (महिला) की भर्ती करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।

****